तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

11 सब्जियों की बंपर उत्पादन से टमाटर बिक रहा 5 और हरा मटर ...



12 संत शिरोमणि सतगुरु रविदास बाबा की 649वीं ...





## खबर संक्षेप

### पात्र किसानों को 5 तक जारी होंगे टोकन

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 05 एवं 06 फरवरी को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में 05 फरवरी तक पात्र कृषकों को टोकन जारी किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया गया है परंतु इनके पास उपलब्ध धान का सत्यापन नही हो पाया है। इसके अलावा ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 फरवरी 2026 के पश्चात आवेदन किया गया है एवं सत्यापन उपरांत धान पाया गया है तथा ऐसे किसान जिन्होंने 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त किया है परंतु किसी कारणवश अपने धान की बिक्री नही कर पाए हैं इन किसानों का धान आगामी 05 एवं 06 फरवरी को संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में उक्त कृषकों को आज 04 फरवरी को भी टोकन जारी किया गया है। इन सभी कृषकों को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से टोकन कटाकर अपनी धान की बिक्री सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियानः 10 से 25 तक

**बालोद।** भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश को फाइलेरिया मुक्त किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। फाइलेरिया उन्मूलन एवं कृमि मुक्ति हेतु सामूहिक दवा सेवन हेतु जिले में अलग–अलग तिथियों में सामूहिक दवा सेवन कराया जाएगा। जिसके अंतर्गत 10 फरवरी से 12 फरवरी 2026 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, शैक्षणिक संस्था, रेलवे, बस स्टैंड एवं हाउसिंग सोसाइटी में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसी तरह 13 फरवरी से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर–घर भ्रमण कर दवा का सेवन कराया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक शेष रहे गए लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इसी तरह 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक सभी सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य केन्द्रों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा।

### म्यूल खातों से 10 लाख की ठगी, 16 गिरफ्तार

**भिलाई।** बैंक खाते को किराए पर देने वाले 16 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने 10 लाख से अधिक का ठगी कर बैंक खातों में रकम पहुंचा। 3 नवंबर 2025 को भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय द्वारा संचालित के समन्वय पोर्टल से पुलि को सूचना मिली। यहां के कई बैंक खातों का उपयोग साइबर अपराध से धनराशि के लिए ट्रांजेक्शन किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि पर कुसुमकसा मंडल में 5 हजार बेल पौधे लगाने का लक्ष्य, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा के द्वारा कुसुमकसा मंडल मे इस वर्ष 2026 को आने वाली महाशिवरात्रि को यादगार रूप में मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस तैयारी के तहत योगेंद्र सिन्हा का कहना है कि महादेव को बेल का पत्र बहुत ही प्रिय है। हर शिव भक्त महादेव की पूजा अर्चना करने के समय बेल के पत्र उन्हें अर्पित करता है। इसके लिए हम लोग इधर-उधर से दूसरे के द्वारा लगाए गए बेल के पेड़ से पत्ते तोड़कर देवाधिदेव महादेव को अर्पित करते हैं तो इस शिवरात्रि में मैंने लगभग 5000 बेल का पौधे कुसुम कसा मंडल के आने वाले विभिन्न ग्रामों में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाने की लक्ष्य रखा है। जिसके लिए मैंने जिला वन अधिकारी बालोद से 2000 पौधे की मांग की है जो की 14 व 15 फरवरी को शिवरात्रि के पावन पर्व पर कुसुमकसा मंडल के अंतर्गत सभी गांव में बेल पत्र पौधा वितरण किया जाएगा। जिसके लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को सहयोग मांगा है। जिसमें जिला वन अधिकारी बालोद अग्रवाल से मुलाकात कर बेल पौधा की मांग किया गया। जिसमें अग्रवाल ने इस कार्य के लिए 2000 के आसपास का पौधा देने का आश्वासन दिया है ।

■ पूजा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा बेल पौधा वितरण कार्यक्रम

## शिवभक्ति और हरियाली को जोड़ने की अनूठी पहलः योगेंद्र सिन्हा



### पर्यावरण संरक्षण का बल मिलेगा

जिससे एक पेड़ मां के नाम के तहत शिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव भगवान को चढ़ाने वाला बेल पत्र अब सनातनी भाई-बहन स्वयं पौधा लगाकर बाबा शिव भोलेनाथ को अर्पण करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा इस तरह से हमारे प्रयास से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम होगा साथ ही सनातनी भाई बहनों को पूजा के लिए पौधा भी मिल जाएगा जिसमें वह अपने द्वारा लगाए गए पौधे की पत्ती से महादेव की पूजा अर्चना कर सकेंगे।

## मांग : आवागमन और कृषि परिवहन में सुधार के लिए सड़क निर्माण की पहल

# जर्जर सड़कों के डामरीकरण को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिले तोमन, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रायपुर तोमन साहू ने क्षेत्र अंतर्गत जर्जर सड़कों के डामरीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरुण साव से चर्चा कर मांग पत्र सौंपा।

जिला पंचायत बालोद के अंतर्गत आने वाली विभिन्न जर्जर सड़कों के डामर रोड निर्माण, चौड़ीकरण हेतु उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू ने लोक निर्माण विभाग मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष जिला में 3 फरवरी को आयोजित जिला साहू संघ बालोद के शपथ ग्रहण एवं दानवीर भामाशाह छात्रवास शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि रूप में आमंत्रित उपमुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृति प्रदान किए जाने की आवश्यकता को लेकर संबंधित विभाग को प्रस्ताव सहित मांग पर चर्चा कर मांग पत्र सौंपा। उन्होने कहा जिला पंचायत क्षेत्र में स्थित अनेक ग्रामों को जोड़ने वाली सड़कें अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। इन सड़कों से ग्रामीणों का आवागमन, कृषि उपज का परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आपातकालीन सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। वर्षा ऋतु में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उक्त सभी सड़कों के डामरीकरण का कार्य प्राक्कलन अनुसार कराए जाने का प्रस्ताव है। इससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सुगम, सुरक्षित एवं वर्षभर उपयोग योग्य सड़क सुविधा प्राप्त होगी।





### प्रमुख मांगें

इस संबंध में प्रमुख सड़कों के डामरीकरण, चौड़ीकरण की स्वीकृति की मांग की गई है जिसमे ग्राम परसाही से सलौनी पहुंच मार्ग लगभग 4 किलोमीटर, पुल, पुलिया सहित, ग्राम बिरेतरा से लोंडी पहुंच मार्ग लगभग 3 किलोमीटरी, पुल, पुलिया सहित, ग्राम नागाडबरी से रेमोरा पहुंच मार्ग लगभग 3 किलोमीटर, पुल, पुलिया सहित, ग्राम उमरडाह से निपानी पहुंच मार्ग डामरीकरण, चौड़ीकरण, लगभग 8 किलोमीटर, ग्राम हर्राठेमा चौक ओघाया मुले से मालगांव पहुंच मार्ग लगभग 8 किलोमीटर, पुल सहित, ग्राम बेलौंदी से सियानमरा पहुंच मार्ग लगभग 4 किलोमीटर, ग्राम समेरा से डांडेसरा पहुंच मार्ग लगभग 2 किलोमीटर, ग्राम खपरी से बोड़डी पहुंच मार्ग लगभग 5 किलोमीटर, ग्राम बंगला चौक सांकड़ा से परेगुड़ा पहुंच मार्ग लगभग 3 किलोमीटर, ग्राम जुगेंरा से घुमका पहुंच मार्ग लगभग 4 किलोमीटर, ग्राम जगन्नाथपुर से पिपरा पहुंच मार्ग लगभग 6 किलोमीटर, ग्राम तरौद से अमलीडीह दैहान पहुंच मार्ग लगभग 5 किलोमीटर की मांग की गई है।

## किसानों को राहत

# 5 व 6 फरवरी को भी समर्थन मूल्य पर होगी धान खरीदी



फाइल : फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय अनुसार आगामी 05 एवं 06 फरवरी को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत किसानों के धान की खरीदी की जाएगी।

इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अवर सचिव भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने दिशा–निर्देश जारी कर संबंधित धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिशा–निर्देश जारी कर किसानों के हित में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समय अवधि में 02 अतिरिक्त दिवस 05 एवं 06 फरवरी तक वृद्धि किया है। जारी निर्देशों के अनुरूप ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया गया है, परंतु सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 पश्चात आवेदन किया गया है एवं सत्यापन उपरांत धान पाया गया है तथा ऐसे किसान जिन्होंने 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त किया है परंतु किसी कारणवश धान विक्रय नहीं कर पाए हैं। उक्त किसानों का धान आगामी 05 एवं 06 फरवरी को संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदा जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि आगामी 05 एवं 06 फरवरी को जिले के धान खरीदी केन्द्रों में जहां ऐसे किसान हो उनका सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी करना सुनिश्चित करें।

# शैक्षिक वार्षिक कैलेंडर का विमोचन उपमुख्यमंत्री अरुण ने किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सहायक शिक्षक फेडरेशन समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी ने अपने बालोद प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू , फेडरेशन के जिलाध्यक्ष एलेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कुमार संभव देवांगन, अध्यक्ष बालोद संदीप दुबे, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दिल्लीवार, ब्लॉक संयोजक लोहारा खेमंत साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रवीण ▶▶| शेष पेज 10 पर

## केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदमः जायसवाल



**डौंडीलोहारा।** वित्त वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय आम बजट 1 फरवरी को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत किए जाने के बाद देशभर में विभिन्न वर्गों से प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी क्रम में भाजपा नेता एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम बताया। देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत सभी क्षेत्रों में विकसित बने और किसी भी रूप में दूसरे देशों पर निर्भर न रहे। यह बजट उसी सोच का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि भले ही इस बजट में लोकलुभावन घोषणाएं न हों, लेकिन यह सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला संतुलित और दूरदर्शी बजट है। उन्होंने बताया कि बजट में ▶▶| शेष पेज 10 पर

# डौंडी में अवैध शराब के खिलाफ जनप्रतिनिधि और महिलाएं एकजुट, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

नगर पंचायत डौंडी के विभिन्न पारा मोहल्ले में अवैध रूप से बिक रहे शराब के बुधवार को डोंडी के नागरिकों ने मोर्चा खोल कर इस पर शीघ्र ही अंकुश लगाने की मांग को लेकर डोंडी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। अवैध शराब की बढ़ती बिक्री ने नगर की कानून-व्यवस्था और सामाजिक माहौल को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। नगर के विभिन्न वार्डों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब के कारण नशाखोरी, चोरी, दुर्व्यवहार तथा अन्य गंभीर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर नगर के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर कार्रवाई की मांग को लेकर सामने आईं। नागरिकों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि एक साल पहले भी डोंडी नगर के बंधिया पारा मथाई चौक आवास पारा धुरवाटोला मे अवेध शराब बिक्री और चखना सेंटर के बारे में पुलिस को अवगत कराया था। लेकिन पुलिस ने कोई कायवाही नही किया। जिससे अवैध कारोबारियों के हौसला बुलंद होते गए जिसके कारण नगर में अपराध बढ़ गए।

■ नशाखोरी व अपराध बढ़ने पर जताई गंभीर चिंता



इसी क्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों और महिलाओं द्वारा डौंडी नगर थाना प्रभारी उमा ठाकुर को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा गया। शिकायत पत्र में वार्ड क्रमांक 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10 एवं 11 सहित कई क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री, चखना दुकानों और असामाजिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा इससे उत्पन्न सामाजिक समस्याओं से अवगत कराया गया।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कई स्थानों पर घरों और दुकानों से अवैध शराब बेची जा रही है, जहां लोग खुलेआम बैठकर शराब का सेवन करते हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नगर के प्रमुख मार्गों से निकली रैली, जागरूकता का दिया संदेश

# विश्व कैंसर जागरूकता दिवस पर निकाली सायकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 फरवरी को विश्व कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर नगर की बेटी और राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता एनुका शार्वा ने नगर में साइकिल रैली का आयोजन किया। वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने रैली को हरी झंडी दिखा कर आरंभ किया और साथ ही साथ साइकिल में पूरे नगर का भ्रमण किया गया।

यह सिलसिला विगत 8 वर्षों से जारी है, शार्वा जब से कैंसर से जीत कर आई है तब से वह यह आयोजन प्रतिवर्ष कर रही है। इस वर्ष भी विद्यालय के व्याख्याता श्री डुप्ले साहू ने छात्राओं के साथ इस मुहिम में छात्रों को भी शामिल किया। महिला शिक्षिकाओ संगीता वैदे, पुष्पा कटेंद्र,छाया नंदा, रीना मंडल, तेजेश्वरी साहू, हेमपुष्पा नाइक, द्वारा यात्रा का उत्साहवर्धन और समर्थन किया। एनुका शार्वा द्वारा पूरे वर्ष भर लोगों को विभिन्न माध्यमों ( पोस्टर, स्लोगन सभा, बैठक, हेयर डोनेशन)से कैंसर के प्रति जागरूक कर रही है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को उन्होंने अनुभव किया है और संघर्ष करके आज नया जीवन प्राप्त कर लोगों को भी इस बीमारी के प्रति जागरूक कर रही हैं। अब लोग उनसे स्वयं आकर सलाह लेते हैं। एनुका से मिलने के बाद लोगों के मन में डर दूर हो जाता है और नई जीने की आश जाग जाती है। उनके द्वारा मितानिनों, छात्र समूह, छात्रावास में रहने वाली छात्राओं, विभिन्न महिला समूहों ,को भी लगातार जानकारी प्रदान किया जा रहा है। अधिकांश लोग जानकारी के अभाव और डर में ही भटक रहे हैं और जीवन से हाथ धो बैठते हैं। एनुका कहती हैं कि जो कष्ट और तकलीफ सहकर उन्होंने सीखा है वह लोगों को साझा करती हैं,ताकि लोगों को सही समय पर जानकारी मिल सके। रैली का आरंभ शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा से होकर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों बाजार चौक से सदर लाइन से गायत्री चौक से होते हुए टिकरापारा,विवेकानंद चौक से होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पुलिस थाना होते हुए नया बस स्टैंड होकर वापस विद्यालय पहुंचे। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों एसएमडीसी अध्यक्ष लीलेंद्र सिन्हा, समाजसेवी दिनेश जैन, संस्कृति लोढ़ा, हर्ष लोढ़ा, सुयश जैन, सजल जैन, अनिल गुप्ता, आकाश गुप्ता, मुकेश सांखला और विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ को गुलाबी बैच लगाया गया।प्राचार्य सी के भंडारी आर एस देशमुख, डी आर साहू, आर.एन ,योगी, अविनाश साहू,सूर्योदय मानिकपुरी, वीरेन्द्र नायक, भूपेंद्र पटेल, राकेश कोठारी, तथा चतुर्थ कर्मचारी ▶▶| शेष पेज 10 पर




# सुबह 10 बजे तक बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य अब ई-ऑफिस से ही निपटेंगीं फाइलें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने–अपने कार्यालयों में पहुंचकर अपना आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

■ बायोमेट्रिक उपस्थिति और समय की पाबंदी

इसके अलावा उन्होंने ई–ऑफिस के कार्य की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी शासकीय कार्यालयों में शत प्रतिशत ई–फाईलिंग के माध्यम से कार्य सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में मैनुअल पद्धति से फाईलिंग का कार्य न किया जाए।




कलेक्टर मिश्रा ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को कार्यालय में पहुँचने के बाद सुबह 10 बजे एवं ड्यूटी समाप्ति के पश्चात शाम 05.30 बजे अनिवार्य रूप से आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को वर्ष 2026 के लिए विभागीय कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने–अपने विभागों का वार्षिक कार्य योजना बनाकर 31 मार्च 2026 के पूर्व जिला कलेक्टर से उसका अनुमोदन भी कराने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को विशेष ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### राजनांदगांव ने भिलाई को तीन विकेट से हराया

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी एवं एकलव्य भिलाई क्रिकेट एकेडमी के मध्य कमला कॉलेज ग्राऊंड में 30 ओवर का फूल टर्फ विकेट में मैच खेला गया। टॉस जीतकर भिलाई की टीम कप्तान विराट चौधरी पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ओपनिग जोड़ी में महिला क्रिकेटर पूर्वी एवं स्लोक मैदान पर उतरे। पहला विकेट जल्दी गिर गया। 4 रन के योग पर अर्ष ऊईके बोल्ट आऊट हुए। क्रमशः स्लोक 33 रन, नवीन 22 रन, विराट चौधरी 9 रन पूरी टीम 130 रन पर ऑल आऊट हो गई। आरसीए की ओर से गेंदबाजी करते हर्ष ऊईके 2 विकेट, आनवी मोहता 1 विकेट, अर्श खान 1 विकेट लक्ष्य का पीछा करते आरसीए की ओपनिंग जोड़ी अर्श सिंग राजपूत एवं अनन्या मंडावी मैदान पर उतरी। पहला विकेट अनन्या के रूप में पहला विकेट जल्द गिर गया। भीमराव ने कैच आऊट कराया। क्रमशः राहुल सारवा 54 रन 7 चौके, 3 छक्के की मदद से बनाया। अर्श खान 33 रन, अर्श सिंग राजपूत 22 रन, राजवीर ने चौका मारकर मैच को जीताया। 7 विकेट खोकर 131 रन बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते भीमराव 4 विकेट, विराट चौधरी 1 विकेट, अंकित 1 विकेट। ऑनलाइन स्कोरिंग की गई मैच के मुख्य एम्पायर जोई थामस रहे। यह जानकारी जोई थामस ने दी।

### विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लहराया परचम

**राजनांदगांव।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा अंतर महाविद्यालय शरीर स्वस्थ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग में किया गया। प्रतियोगिता में दिग्विजय महाविद्यालय के



विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते विभिन्न वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र निशांत उमरे ने 55 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी गोविंद कुमार ने 65 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के साथ-साथ मिस्टर यूनिवर्सिटी का खिताब भी जीता। वही बीए छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थी विक्रम चंद्रवंशी ने 70 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। विक्रम चंद्रवंशी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर रायपुर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राईबल प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। जिसका आयोजन 14 फरवरी को रायपुर में किया जाएगा। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अरुण कुमार चौधरी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. शैलेंद्र सिंह, दीपक कुमार परगनिहा एवं रामू पाटिल उपस्थित थे।

### क्रॉस कंट्री में छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** मनसा कॉलेज भिलाई में 29 जनवरी 2026 को आयोजित क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के छात्राओं ने तीनों स्थान पर अपना कब्जा जमा लिया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों के



छात्राओं ने इस स्पर्धा में भाग लिया। प्रथम स्थान भगवती साहू बी.कॉम 6जी सेमेस्टर, द्वितीय स्थान निशा साहू दिए 6जी सेमेस्टर तथा साक्षी यादव 6जी सेमेस्टर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों के कोच कामता प्रसाद यादव हैं। तीनों छात्राएं लगातार 3 साल से अखिल भारतीय स्तर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करती आ रही है। यह छात्राएं मंगलौर विश्वविद्यालय कर्नाटक में होने वाले 26 एवं 27 फरवरी को अखिल भारतीय विश्वविद्यालय क्रास कंट्री प्रतियोगिता में भाग लेंगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुचिता गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र सिंह, क्रीड़ा अधिकारी अरुण कुमार चौधरी, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा, रामू पाटिल सहित प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने बधाई दी।

### गौ आधारित प्राकृतिक कृषि विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

**राजनांदगांव।** महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान जिला राजनांदगांव द्वारा 31 जनवरी से 4 फरवरी तक महामाया चौक बसंतपुर स्थित पंचगव्य विद्यापीठम्-विस्तार केन्द्र में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गौ आधारित प्राकृतिक




कृषि के लाभों के बारे में बताया गया तथा रासायनिक खेती से होने वाले मृदा, जल, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक तनिष साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को गौ आधारित प्राकृतिक कृषि की मूल अवधारणा तथा गाय के पंचगव्यों एवं स्थानीय वनस्पतियों व संसाधनों का उपयोग कर कम लागत में लाभकारी खेती के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क सहित पंचगव्य आधारित जैव-उपचारों के निर्माण की विधियां, फसल पोषण, कीट-रोग प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य सुधार के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

### पौष्टिक आहार और साफ-सफाई की दी जा रही समझाईश

**राजनांदगांव।** जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिशुवती माताओं और नन्हे बच्चों का समय पर टीकाकरण एवं



स्वास्थ्य जांच आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला के गंभीर कुपोषित बच्चों के गृह भेंट कर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों के परिजनों को पौष्टिक आहार एवं साफ-सफाई के संबंध में समझाईश एवं जानकारी दी। सुपरवाईजर ने बच्चों को कुपोषण मुक्त करने तिरंगा भोजन के रूप में पौष्टिक आहार खाने प्रेरित किया गया। जिससे बच्चों को प्रोटीन, विटामिन एवं अन्य पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मिल सके। उन्होंने अभिभावकों को तिरंगा भोजन के संबंध में जानकारी दी। तिरंगा भोजन में केसरी रंग अंतर्गत दलहन, सोया, अंडा, सफेद रंग चावल, रोटी तथा हरा रंग में हरी सब्जी जैसे पालक, मेथी, मुनगा भाजी एवं अन्य हरी साग-सब्जी का होता है। अपने बच्चों को पौष्टिक भोजन कम से कम 3 बार दिन में खिलाने और 2-3 बार स्वयं भी खाने की सलाह दी।

### बोड़ेना में तीन दिवसीय प्रवचन 6 से

**जेवरतला रोड।** ग्राम बोड़ेना में तीन दिवसीय संगीतमय कबीर सत्संग, भजन एवं प्रवचन समारोह का आयोजन 6, 7 एवं 8 फरवरी को रखा गया है। इस आयोजन के मुख्य प्रवचनकर्ता तुलसी साहेब होंगे। यह जानकारी कबीर सत्संग समिति के सदस्य ऋषि कुमार साहू ने दी।

### 10वीं-12वीं परीक्षा परिणामों के दृष्टिगत बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने करें कार्य

# अटल मानिटरिंग पोर्टल के अंतर्गत सभी विभाग विभिन्न मापदंडों में करें उत्कृष्ट प्रदर्शन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों के दृष्टिगत बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते कार्य करें। पढ़ाई की गुणवत्ता के लिए अतिरिक्त कक्षाएं देते बच्चों की पढ़ाई की मानिटरिंग करें। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए ईमानदारी एवं प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने बच्चों के आधार अपडेशन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि पो-लईका अंतर्गत निरंतर पालक चौपाल का आयोजन करते रहे तथा वजन त्यौहार के माध्यम से बच्चों के सुपोषण की मानिटरिंग करें। पीएमश्री स्कूलों में अधोसंरचना, परीक्षा परिणामों की समीक्षा तथा स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने के लिए कहा। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अन्य एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## बच्चों के आधार अपडेशन कार्य में गति लाएं



### समय पर कार्यालय में हों उपस्थित

कलेक्टर ने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को सुविधाएं प्रदान करें एवं उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देते उपचार एवं दवाईयां समय पर उपलब्ध कराएं। अटल मानिटरिंग पोर्टल के अंतर्गत सभी विभाग विभिन्न मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की मानकों के तहत समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए समय पर कार्यालय पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दें। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनमानस की समस्याओं का संवेदनशीलतापूर्वक शीघ्र निराकरण करें।

### पेंशन प्रकरणों का करें निराकरण

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो सेवानिवृत हो गए हैं, उनके पेंशन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। सभी विभाग ई-ऑफिस का अधिक से अधिक उपयोग करें। डिजिटल कार्य प्रणाली से कार्य करने पर कार्यों में गति आएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी विभागों में कर्मचारियों के कार्यों में परिवर्तन करें एवं ट्रांसफर करें। डेस्क चेंज होने पर कार्यों में ईमानदारी एवं परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि शासन की महती योजना है। इस योजना अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित कराएं। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग में यूटीलिटी शिफ्टिंग एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर ही समाज की प्रगति संभव : मधुसूदन



**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया यादव समाज द्वारा मोहारा वार्ड में आयोजित सामाजिक मिलन कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि अपनी सामाजिक कुरीतियों को दूर करके एवं अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर ही किसी भी समाज की प्रगति संभव है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के यादव समाज के बंधु एकजुट होकर समान उद्देश्य के लिए संगठित होकर प्रयास करें, तभी समाज की आर्थिक, वैचारिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रगति संभव है। महापौर श्री यादव ने मोहारा वार्ड में सामाजिक बंधुओं के लिए 25 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन निर्माण की घोषणा भी की। आयोजन में मोहारा बस्ती से मोहारा मेला स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य का प्रदर्शन कर आनंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान भी किया गया।

### भवन निर्माण की मांग

कार्यक्रम की अध्यक्षता कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष मन्ना यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद आलोक श्रोती, सरपंच अनामिका यादव मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से विशारद यादव, मनोज यादव, थनवार यादव, जागेश्वर, पवन, संतोष, पालक, देवनारायण, इंदल, नारद, उमेंदी, शिवलाल, कार्तिक एवं कृष्णा सहित अन्य उपस्थित रहे। आयोजन में सिंगदई सर्किल अध्यक्ष विशारद यादव ने स्वागत भाषण के बाद सामाजिक भवन की आवश्यकता से अवगत कराते भवन निर्माण की मांग की। जिलाध्यक्ष मन्ना यादव ने अपने भाषण में समाज की समस्याओं एवं भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराया। पार्षद आलोक श्रोती ने अतिथिगणों का स्वागत करते आयोजन को अन्य समाज के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक बताया।

### इंदामरा मंडई आज

**राजनांदगांव।** इंदामरा में कल 5 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। कल गुरुवार को आयोजित मंडई में रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। आयोजक समिति ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में मंडई मेला में शामिल होने की अपील की है। इसके अलावा आयोजक की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी ग्रामीण टुमनलाल सेन ने दी।

## मोर्चा पदाधिकारियों ने किया मंडलों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा मंत्री मूलचंद लोधी एवं जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने राजनांदगांव जिले के विभिन्न मंडलों छुरिया, गैंदाटोला, कुमरदा, डोंगरगांव एवं अर्जुनी का विस्तृत दौरा कर मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों एवं पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान संगठन की मजबूती, किसान हितों से जुड़े मुद्दों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, पूर्व प्रदेश भाजपा सह सोशल मीडिया प्रभारी रमेश सोनवानी, जितेंद्र वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरिया संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कांता साहू, महामंत्री शेखर भारतध्वज, अशोक मरकाम, जनपद सदस्य भेषबाई साहू, मोनू गुप्ता, गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, कुमरदा मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन, डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, मंडल महामंत्री सतीश पांडे, महेश्वर साहू, डोमन पटेल, रुद्र कोरे, मनीष पटेल तथा अर्जुनी मंडल अध्यक्ष भुवन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने आह्वान

प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री मूलचंद लोधी ने कहा कि भाजपा सदैव किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और संगठन के माध्यम से गांव-गांव तक किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा किसान मोर्चा के कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का आह्वान किया।

### बम्लेश्वरी हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक सर्जरी

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी हॉस्पिटल में 2 दिन में चार आर्थोपेडिक सर्जरी की गई। सफल सर्जरी से हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार सर्जरी में घुटने और फीबुला प्लेटीन, टीबीडब्ल्यु से संबंधित आपरेशन शामिल था। अस्पताल के डॉ प्रियांषु पांडे, डॉ सिद्धार्थ बेनर्जी और



सहायक खिलावन वर्मा, विनेश्वरी, पूजा, राधेश्याम, देविका थे। डॉक्टरों ने बताया कि आधुनिक तकनीक के साथ जटिल आपरेशन किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि आपरेशन के बाद मरीजों की स्थिति स्थिर है।जल्द ही मरीज सामान्य स्थिति में आ जाएंगे।

### 8 से दो दिवसीय रामायण सम्मेलन

**राजनांदगांव।** जिले के टप्पा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में आगामी 8 फरवरी से दो दिवसीय रामायण सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन जय श्रीराम नवयुवक मंडल व समस्त ग्रामवासी ग्राम कोलिहापुरी के तत्वावधान में आयोजित होगा। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ 8 फरवरी को सुबह 10 बजे से भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, कोलिहापुरी सेवा सह.स.मर्या. अध्यक्ष भुपेन्द्र वर्मा, कोलिहापुरी सरपंच मदनलाल देवांगन व उपसरपंच ताराचंद सिन्हा शामिल होंगे। समारोह का समापन दूसरे दिन 9 फरवरी को रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू व डोंगरगढ़ जनपद के पूर्व अध्यक्ष भावेश सिंह की अध्यक्षता तथा डोंगरगढ़ जनपद सदस्य मंजू नरेन्द्र वर्मा, कोलिहापुरी ग्राम पटेल चेतन वर्मा, कोलिहापुरी सरपंच मदनलाल देवांगन के विशिष्ट आतिथ्य में होगा।

## पेज 9 के शेष

### शैक्षिक वार्षिक कैलेंडर ...

चंद्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत साहू, ऐनुका सार्वा ,सचिव गिरीश निर्मोही, आरिफ सिद्दीकी, जिला संयोजक निर्मल दुबे आदि फेडरेशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिले में रेड क्रॉस के विस्तार एवं उनके कार्यों पर भी चर्चा हुई।

### केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर ...

आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन 1 अप्रैल से नया आयकर अधिनियम लागू कर आयकर संबंधी प्रक्रियाओं को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादकता, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग से जुड़े प्रावधानों को प्रोत्साहन दिया गया है। साथ ही राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने और 7 प्रतिशत से अधिक विकास दर प्राप्त करने की रणनीति इस बजट में स्पष्ट दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ के दृष्टिकोण से बजट को महत्वपूर्ण बताते हुए देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि केरल और तमिलनाडु के साथ छत्तीसगढ़ को माइनिंग कॉरिडोर में शामिल किया। जाना राज्य के लिए सुखद और सुकून देने वाला निर्णय है।

इससे राज्य के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन अब तक उनके समुचित दोहन की ठोस योजना नहीं बन पाई थी। नक्सल समस्या के समाप्ति की ओर बढ़ने के साथ अब राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है, जो मोदी सरकार की दूरदर्शी नीति का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि बजट में युवाओं के रोजगार, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुरूप ढालने, प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने, शिक्षा-प्रशिक्षण और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

कुल मिलाकर यह बजट गरीब, मध्यमवर्ग और युवाओं के विकास को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। देवेन्द्र जायसवाल ने विशेष रूप से छात्राओं के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय में छात्रावास (हॉस्टल) निर्माण के प्रावधान को ऐतिहासिक बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है।

### डौंडी में अवैध शराब के ...

इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। नशे के कारण घरेलू हिंसा, गाली-गलौज और आपराधिक घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है।

थाना प्रभारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाएगी।

इस दौरान शिकायतकर्ताओं के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतीन चौंरका, पार्षद अमरीका ठाकुर यदुनंदन देवहारी, रेखा चौहान, हितेन्दर धनकर बिंदु राम ठाकुर बिमलेश्वरी राई रामनारायण धनकर सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि नगर को अवैध शराब के जाल से मुक्त कराने के लिए ठोस और निरंतर कार्रवाई की जाए। जनप्रतिनिधियों एवं महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर में जन आंदोलन किया जाएगा। थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने कहा कि एक साल में पहली बार इतनी संख्या में महिलाएं शिकायत करने आई है।

### विश्व कैंसर जागरूकता ...

तिलेश्वरी, निधि यादव ने शार्वा के पहल की सराहना की और उनके साहस की प्रशंसा की। रैली में शार्वा के साथ स्कूल के छात्र छात्राएं वेनिका ,गायत्री, गीतू, यामिनी,शालिनी,ओमान , लेहान, चुकेश्वर, लेमिन, यामिनी,कुणाल, लालकृष्ण, समीर, आदि शामिल हुए।

### सुबह 10 बजे तक बायोमेट्रिक ...

गहन पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने मुख्यमंत्री के घोषणा के कार्यों की क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने मुख्यमंत्री के घोषणा के कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश भी दिए।

## हथकरघा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के लिए सेक्टर स्पेसिफिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

केंद्र सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के बुनकर केंद्र छुईखदान में हथकरघा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों हेतु सेक्टर स्पेसिफिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 35 उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, कार्य प्रणाली एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर द्वारा वन-टू-वन मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थागत ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्रीमती पारुल पाण्डेय, डिविजनल समन्वयक लोकेश सिन्हा एवं तुषार साहू की सक्रिय भूमिका रही। समापन अवसर पर चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**खबर संक्षेप**

### गांजा बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले दो थाना क्षेत्र से चार आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि रामनगर थाना मोहन नगर जिला दुर्ग निवासी ओमेश कुमार ठाकुर,रामनगर मुक्तिधाम अमय गुप्ता के पास से पुलिस ने गांजा 1.770 किलो ग्राम जब्त किया गया। आरोपियों ने जामुल कॉलेज के पास रोड में गांजा बेच रहे थे। पुलिस टीम घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 1500 और मोबाइल जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं खुर्सीपार थाना क्षेत्र से गांजा बेचने वाला दीपक देवकर को पकड़ा गया। आरोपी देवकर बस्ती चौडी चौक खुर्सीपार के पास बेच रहा था। आरोपी गांजा 1 किलो 778 ग्राम जब्त किया गया। गांजा की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के पास से वाहन, नगदी बरामद किया है। इसके अलावा जोन 2 खुर्सीपार निवासी मजीद खान को गांजे के साथ पकड़ा गया है।

### असामाजिक तत्वों पर हुई कार्रवाई

**भिलाई।** मड़ई मेला, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान 450 से अधिक लोहे के कड़े को जप्त किया। कार्रवाई से मड़ई मेला, बाजार, अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन, शांति व्यवस्था बनी रही। दुर्ग पुलिस की अपील है कि आम नागरिक सार्वजनिक स्थलों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे। पुलिस का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अड्डेबाजी, हथियारनुमा वस्तुएँ पहनकर घूमने भय का वातावरण बनाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### पावर एंड स्टील लिमिटेड प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**भिलाई।** रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड, रसमड़ा द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसमड़ा में 2024-25 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा मेधावी छात्रों को 10 हजार और 8 हजार रूपये का चेक और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

### निगम कर रहा आयुष्मान वय वंदन कार्ड को अपडेट

**भिलाई।** आयुष्मान वय वंदना कार्ड भारत सरकार की एक विशेष स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलता है। यह कार्ड पीआईबी के अनुसार आय की परवाह किये बिना, सरकारी और निजी सूचिबद्व अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा देता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्तों को निर्देशित किये है, कि शहर के 70 वर्ष या उससे अधिक वरिष्ठ नागरिको का वय वंदन कार्ड अपडेट किया जाना है। जिससे सरकार द्वारा प्रदाय की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। जोन आयुक्त के मार्गदर्शन में जोन कार्यालय के कर्मचारी डोर-टू-डोर जाकर नागरिको से संपर्क रहे है, जिनका आयुष्मान वय वंदन कार्ड अपडेट नहीं हुआ है, उसे मौके पर ही किया जा रहा है। इस योजना में लगभग 2000 से अधिक मेडिकल प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त इलाज, जिसमें सर्जरी, निदान और पुरानी बीमारियों का इलाज शामिल है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे वे बिना किसी वित्तीय बोझ के अपना इलाज करवा सकते है।

# सब्जियों की बपर उत्पादन से टमाटर बिक रहा 5 और हरा मटर 20 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों की बंपर पैदावार का असर अब सीधे दल्लीराजहरा की सब्जी मंडी में देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों से मंडी में टमाटर और हरी मटर की भारी आवक शुरू हो गई है, जिससे इनके दामों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। सस्ती सब्जियों ने आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है।

**टमाटर के दाम औंधे मुंह गिरे:** सब्जी मंडी में टमाटर की इतनी अधिक आवक हो रही है कि जो टमाटर पहले 40 से 50 किलो में बिकता था, वह अब मात्र 5 किलो में मिल रहा है। कई स्थानों पर तो टमाटर कौड़ियों के भाव बिकते नजर आए। इससे ग्राहकों में जमकर खरीदारी देखने को मिली। टमाटर के साथ-साथ हरी मटर की भी भरपूर आवक दर्ज की गई है। मंडी में हरी मटर अब 20 किलो के भाव में उपलब्ध है, जबकि कुछ दिन पहले तक इसके दाम आम लोगों की पहुंच से बाहर थे। सस्ती मटर से घरों की रसोई फिर से हरी-भरी हो गई है।

**सब्जी विक्रेताओं ने बताया- भरपूर वजन, कम दाम:** सब्जी विक्रेता रामनारायण साहू ने बताया कि वे आज टमाटर 5 किलो के बंडल में बेच रहे हैं, वहीं हरी मटर 10 से 20 किलो तक के वजन में ग्राहकों को दी जा रही है। विक्रेता मोहन यादव ने कहा कि किसानों की सीधी आपूर्ति और अधिक पैदावार के कारण मंडी में रोजाना 50–60 क्विंटल तक टमाटर आ रहा है। वहीं शिवकुमार वर्मा ने बताया कि "आज ग्राहकों को पूरा वजन दिया जा रहा है, कई जगह तो बोनस में सब्जी भी दी जा रही है।"

**दल्लीराजहरा मंडी में सब्जियों की बंपर आवकबड़ी राहत**



### उपभोक्ताओं में खुशी, किसानों को भी राहत की उम्मीद

सस्ती सब्जियों से जहां उपभोक्ताओं के चेहरे खिले हुए हैं, वहीं किसान भी उम्मीद कर रहे हैं कि अधिक मात्रा में बिक्री से नुकसान की भरपाई हो सके। मंडी में चहल-पहल बढ़ने से स्थानीय व्यापार को भी मजबूती मिल रही है। आने वाले दिनों में और गिर सकते हैं दाम व्यापारियों का मानना है कि यदि इसी तरह आवक बनी रही तो आने वाले दिनों में सब्जियों के दाम और नीचे जा सकते हैं, जिससे आम जनता को और राहत मिलने की संभावना है।



## इतिहास : लौह नगरी से भिलाई तक औद्योगिक भारत की ऐतिहासिक शुरुआत

# दल्लीराजहरा का स्वर्णिम दिन: चार फरवरी 1959 को रवाना हुई पहली लौह अयस्क रेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

आज का दिन दल्लीराजहरा के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। ठीक आज ही के दिन 4 फरवरी 1959 को दल्लीराजहरा की धरती से पहली बार लौह अयस्क से भरी रेल भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए रवाना हुई थी। यह केवल एक रेलगाड़ी का प्रस्थान नहीं था, बल्कि यह भारत के औद्योगिक विकास, आत्मनिर्भरता और सार्वजनिक क्षेत्र के स्वप्न की ऐतिहासिक शुरुआत थी।


### जब जंगलों के बीच से चली विकास की सीटी

उस दौर में दल्लीराजहरा चारों ओर से घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ एक छोटा-सा इलाका था। सीमित संसाधन, कच्चे रास्ते और बुनियादी सुविधाओं का अभाव—इन सबके बीच लौह अयस्क से लदी पहली रेल का चलना अपने आप में एक चमत्कार से कम नहीं था। रेल के इंजन की सीटी के साथ ही मानो नए भारत की औद्योगिक चेतना जाग उठी।

### भिलाई इस्पात संयंत्र की रीढ़ बना दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा की लौह खदानें भिलाई इस्पात संयंत्र की जीवनरेखा बनीं। यहीं से निकला लौह अयस्क भिलाई पहुंचा और वहीं से देश के विकास के लिए इस्पात का निर्माण हुआ।

**पहले की दुर्लभ तस्वीर**



### विशेषज्ञों के अनुसार

यदि दल्लीराजहरा की खदानें नहीं होतीं, तो भिलाई इस्पात संयंत्र का सपना इतनी जल्दी साकार नहीं हो पाता। इस ऐतिहासिक यात्रा के पीछे हज़ारों श्रमिकों का अथक परिश्रम, त्याग और संघर्ष छिपा है। खदानों में काम करने वाले मजदूरों ने कठिन परिस्थितियों में काम कर देश को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

### ऐतिहासिक तस्वीर: गवाह है समय

उस ऐतिहासिक दिन की यह दुर्लभ तस्वीर आज भी उस क्षण की गवाही देती है, जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी, महिलाएं और श्रमिक एक साथ खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने थे। रेल के सामने लगा बोर्ड—04 फरवरी 1959 पहली लौह अयस्क ट्रेन दल्लीराजहरा – भिलाई इस्पात संयंत्र आज भी उस गौरवशाली क्षण को जीवंत कर देता है।

**आज की वर्तमान**



### इतिहासकारों और बुद्धिजीवियों की राय

इतिहासकारों का मानना है कि दल्लीराजहरा से भिलाई तक लौह अयस्क की आपूर्ति ने छत्तीसगढ़ को देश के औद्योगिक मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाई। यह सिर्फ आर्थिक प्रगति नहीं थी, बल्कि इससे शिक्षा, रोजगार, आवास और सामाजिक विकास की नींव भी पड़ी।

### वर्तमान से भविष्य तक की विरासत

आज दल्लीराजहरा एक खनन नगर के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसकी पहचान केवल खदानों तक सीमित नहीं है। यह नगर संघर्ष, श्रम और स्वाभिमान का प्रतीक है।

4 फरवरी 1959 की वह रेल आज भी हमें याद दिलाती है कि जब संकल्प मजबूत हो, तो पहाड़ों के बीच से भी विकास का रास्ता निकलता है। दल्लीराजहरा से चली पहली लौह अयस्क रेल ने न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र को गति दी, बल्कि आधुनिक भारत की औद्योगिक नींव को मजबूत किया। आज, इस ऐतिहासिक दिन पर पूरा दल्लीराजहरा अपने अतीत पर गर्व करता है और भविष्य की ओर नए संकल्प के साथ देखता है।

## मानव जीवन दुर्लभ, आत्मकल्याण ही जीवन की सार्थकता - महासती हंसकीर्तिश्रीजी मसा



**डौंडीलोहारा।** नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण में आयोजित प्रवचन श्रृंखला में महासती हंसकीर्तिश्रीजी मसा ने कहा कि आत्मा अनंत गुणों से युक्त है और इन गुणों का विकास कर धर्ममय जीवन जीने से ही आत्मकल्याण संभव है। उन्होंने पाप प्रवृत्तियों से बचने और शुभ कर्मों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। साध्वी जीतकीर्ति श्रीजी मसा ने मानव भव को अत्यंत दुर्लभ बताते हुए कहा कि सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र से ही आत्मा का उद्धार संभव है। संघ के आशीष बाफना व शीतल पारख ने जानकारी दी कि जैन मंदिर की प्रतिष्ठा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 20, 21 व 22 फरवरी को तीन दिवसीय रजत ध्वजा महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें साध्वी वृंद के सानिध्य में प्रतिदिन प्रवचन एवं विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

## महिलाएं भी बनेंगी अब कुशल राजमिस्त्री दिया जा रहा व्यावसायिक प्रशिक्षण



**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पचायत गुदुम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रमीण अंतर्गत आवास निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण के आवास में राजमिस्त्रीयों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित हो सके। जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम पंचायत गुदुम में यह प्रशिक्षण आरसेटी बालोद की ओर से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व हितग्राहियों की काउंसलिंग कर उनकी सूची के अनुसार चयन किया गया। जिसके अंतर्गत 20 हितग्राहियों को प्रशिक्षक के द्वारा आवास निर्माण को गुणवत्ता पूर्ण, तकनीकी मानकों के अनुरूप करने संबंधी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में 02 महिलाओ राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# ग्राम मोखा में सजेगी मानस की चौपाइयां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

श्री राम कृपा मानस प्रचार समिति व ग्रामीणो द्वारा त्रि दिवसीय श्रीमद् मानस गान सम्मेलन का आयोजन ग्राम मोखा में 6 से 8 फरवरी तक किया गया है। जिसमें प्रथम दिवस 6 फरवरी को शुभारंभ अवसर पर मोर राम मानस परिवार मोखा व रघुकुल दीपक मानस परिवार मोखा स्थानीय मण्डलीया प्रस्तुती देंगी। शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति संचार एवं संकर्म जिला पंचायत बालोद चंद्रिका गंजीर होंगी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत मोखा अश्विनी युगल किशोर साहू करेंगे।

> ■ तीन दिनी श्रीमद् मानस गान सम्मेलन 6 फरवरी से

विशेष अतिथि सभापति स्वच्छता समिति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर दिनेश्वरी भागुराम सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य बालोद तेजराम साहू, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना सत्येंद्र साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोखा डामेश्वरी तेजराम सिन्हा, सेवा निवृत्त पशु विभाग गोवर्धन लाल यादव, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोखा राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोखा रामस्वरूप सिन्हा, ग्रामीण विकास समिति सचिव काशीराम कलिहारी, ग्रामीण कोषाध्यक्ष उदय राम ठाकुर, ग्रामीण सह कोषाध्यक्ष भागुराम नेवेन्द्र, ग्रामीण सहसचिव विमल कुमार सिन्हा, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, सेवा निवृत्त लेखपाल लक्ष्मीनारायण कटेद्र, पूर्व कोषाध्यक्ष ओंकार प्रसाद साहू, सेवा निवृत्त धान संग्रहण प्रभारी ईश्वर लाल कटेंद्र, उप सरपंच ग्राम पंचायत मोखा पंचराम निषाद, सेवा निवृत्त शिक्षक पदुम सिंह केसरी, सेवा निवृत्त सिंचाई विभाग चंद्रप्रकाश गंजीर, सेवा निवृत्त शिक्षक लच्छू राम नेताम उपस्थित रहेंगे।

द्वितीय दिवस 7 फरवरी शनिवार को अतिथि पूर्व सदस्य जनपद सदस्य गुरुर आदित्य पिपरे, जनार्दन सिन्हा, सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोखा श्याम लाल, समिति प्रबंधक सेवा सरकारी समिति मोखा राधेश्याम साहू, संतोष प्रजापति, सरपंच ग्राम पंचायत मुडगाहन जानू राम साहू, कन्हारपुरी, सोनईडोंगरी, दरगाहन होंगे।

तृतीय दिवस 8 फरवरी रविवार को समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक संजारी विधानसभा क्षेत्र बालोद संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष श्री राम कृपा मानस प्रचार समिति मोखा कृष्ण कुमार कटेंद्र करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर किशोर साहू, पूर्व एल्डरमेन गुरुर चंद्रहास सिन्हा, अधिवक्ता खिलेश्वर कटेंद्र, सरपंच ग्राम पंचायत मोखा अश्वनी युगल किशोर साहू, उप सरपंच ग्राम पंचायत मोखा पंचराम निषाद, ग्रामीण सचिव डामन लाल कंवर, पूर्व अध्यक्ष हेमराज कलिहारी, भोजराम कटेन्द्र, फिल्म निर्माता मेघा प्रोडक्शन रायपुर ललित सिन्हा होंगे। मंचस्थ मंडली में 7 फरवरी शनिवार को श्री राम मानस परिवार दल्ली राजहरा, विद्या देवी संपूर्ण महिला मानस परिवार सिंघोला खुर्द रायपुर, जयशंकर मानस परिवार गरियाबंद, नूतन मानस परिवार टोकरो अभनपुर, शुभांजलि मानस परिवार बारगाही राजनांदगांव, जय सिद्धेश्वर मानस परिवार देवर तिल्दा रायपुर होंगी।

समापन के दिवस 8 फरवरी रविवार को श्री तुलसी विहार मानस परिवार पलौद अभनपुर, स्वरधारा मानस परिवार बैहार आरंग, जय बजरंग मानस परिवार जनकपुर खिलोरा, गंधर्व मानस परिवार भैंस मुंडी भानु प्रतापपुर, जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार फिंगेश्वर गरियाबंद, श्री सच्चिदानंद दीप ज्योति बालिका मानस परिवार भीम कन्हार खेरथा बाजार की प्रस्तुति होनी है। उक्त जानकारी श्री राम कृपा मानस प्रचार समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार कटेंद्र व उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा के द्वारा दिया गया।

**ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, विकास कार्यों को गति: तारणी**

# कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्रामीण विकास और खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के संकल्प के साथ बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

ग्राम चिचबोड़ बेलौदी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, वहीं नयापारा कलामंच के समीप बहुप्रतीक्षित टीन शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर ग्रामीणों को विकास की नई सौगात दी। ग्राम चिचबोड़ बेलौदी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने पर ग्रामीणों और खेल समिति द्वारा चंद्राकर का स्वागत किया। फाइनल मुकाबले के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि खेल हमें अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं।



ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। कबड्डी हमारी मिट्टी का खेल है और हमारे जिले के युवा प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी कड़ी में तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ग्राम नयापारा पहुंचीं, जहां उन्होंने कलामंच के समीप टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। लंबे समय से ग्रामीण यहां सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित शेड की मांग कर रहे थे। टीन शेड बनने से ग्रामीणों को बारिश और धूप से राहत मिलेगी और सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन सुगमता से हो सकेगा। इस दौरान पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच भागवत प्रसाद साहू, उपसरपंच कविता धुरव, जीवन ठाकुर, संजय साहू, हरिनारायण साहू, लालजी साहू, रोहित देवांगन, पूरण देवांगन, सोहन ठाकुर, टिकेश्वर ठाकुर, प्रभु राम रजक, टिकेश्वर साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर टटेंगा विद्यालय में नशा मुक्ति दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशा मुक्ति दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर व्याख्यान एवं जागरूकता रैली का आयोजन कर विद्यार्थियों व नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर. के. देवांगन ने नशे से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत नुकसान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को विनाश की ओर ले जाता है तथा समाज में अपमान और अवमानना का कारण बनता है। वरिष्ठ व्याख्याता टी. एल. देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि नशा आज समाज और देश के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। मादक पदार्थ व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर बनाते हैं, और वर्तमान समय में युवा वर्ग इसकी सबसे अधिक चपेट में है। सभा उपरांत कार्यक्रम प्रभारी भागवत साहू के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान व्याख्याता अजय पाठक एवं हेपशीबा एंथोनी ने नशा मुक्ति के प्रेरक नारों के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। रैली को सफल बनाने में वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंदु पटेल एवं कुंदन यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, महेश रावटे, बिंदु साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सामुदायिक भवन में लगा रक्तदान शिविर

**गुण्डरदेही।** 25 वीं छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय सामुदायिक भवन गुण्डरदेही मे किया गया था। जिसमे पुर्व सांसद प्रतिनिधि दयाराम सिन्हा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचकर रक्तदान किया।

### तीन दिनी सस्वर मानसगान सम्मेलन कल से

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम भेंगारी (पिपरछेड़ी) में त्रि दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 6,7 एवं 8 फरवरी को समस्त ग्रामवासियो एवं युवा मानस प्रचार प्रसार समिति के सहयोग संपन्न होगा ग्रामीण भागीराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम में कुल 16 मंडलिया भाग लेगी।

### प्रीति ने मेरिट सूची में हासिल किया 9वां स्थान

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी की एमए समाजशास्त्र की छात्र प्रीति ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की



हाल ही में जारी मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। प्रीति की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त किया है। प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता प्रीति की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने बताया कि प्रीति प्रारंभ से ही अध्ययन के प्रति समर्पित और सक्रिय छात्र रही हैं तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभाती रही हैं। प्रीति ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, गुरुजनों और महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### 9 से त्रि-दिनी वार्षिक सत्संग समारोह होगा

**जामगांव** आर। श्री कबीर शांति निकेतन गातापार में त्रि दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह स्मृति शेष साध्वी कालिंदी देवी एवं ब्रम्हचारी गोवर्धन दास की स्मृति में आयोजन किया गया है।
9 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित कबीर संत सत्संग में मुख्य प्रवक्ता संत अमोही साहेब, संत शिवम साहब एवं संत गुरुमुख साहब के मुखारविंद से कबीर की वाणी संदेश प्रवाहित होगी। अनेकों कबीर संत एवं भक्त गण इस संत समागम में जीवन कल्याण का मार्ग श्रवण करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए आश्रम के आयोजक संत नियम दास एवं संत हीरम दास ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10 से 12 बजे एवं 4 बजे से 6 बजे गतिमान रहेगा। साध्वी दामिन देवी, भक्त समाजसेवी त्रिभुवन गौटिया, अर्जुन गौटिया, गणेश राम साहू, कोमल साहू, शत्रुहन साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने अधिकाधिक लाभ लेने की अपील ग्रामीण भक्ति से किया है।

## आयोजन : संत रविदास के विचारों से सामाजिक समरसता का संदेश दिया

# संत शिरोमणि सतगुरु रविदास बाबा की 649वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडी लोहारा

नगर में संत शिरोमणि सतगुरु रविदास बाबा की 649वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर सहित पूरे बालोद जिले से अहीरवार रविदास समाज के हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु एकत्रित हुए और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। जयंती समारोह के तहत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई तथा बाजे-गाजे, नृत्य और भक्ति गीतों के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया गया। सभी सामाजिक जन एक समान परिधान में नजर आए, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और सामाजिक एकता व अनुशासन का प्रतीक माना गया।

कार्यक्रम के दौरान समाज द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही लगभग 2000 लोगों के





लिए शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित भोजन व्यवस्था की गई। नगर भ्रमण के दौरान डौंडी लोहारा निवासी राधे हठीले के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया, जो नगरवासियों के बीच सराहना का विषय बना। समाज के नवयुवक मंडल के अध्यक्ष उत्तम मालेकर, उपाध्यक्ष प्रशांत जगनायक तथा सामाजिक नवयुवक सदस्य राकेश जगनायक, राहुल मालेकर, बिट्टू जगनायक, प्रमोद जगनायक, कैलाश मालेकर, रंजीत, सूरज, शुभम, दीप, रमेश एवं नेमसिंह सहित अन्य युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेमन देशमुख जिला अध्यक्ष भाजपा, बालोद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण भाण्डेकर ने की। विशिष्ट अतिथियों में के.एल. टांडेकर प्रदेश अध्यक्ष, सर्व रविदास समाज रायपुर, देव लाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, देवेंद्र जायसवाल पूर्व सदस्य छग पिछड़ा वर्ग आयोग) कुसुम शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, डौंडी लोहारा, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम अध्यक्ष, नगर पंचायत डौंडी लोहारा, जसराज शर्मा, बलराम गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य सामाजिक समरसता, संत रविदास जी के विचारों का प्रचार-प्रसार तथा समाज में एकता और जागरूकता का संदेश देना रहा, जिसमें समाजजनों की व्यापक सहभागिता ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप प्रदान किया।

## आत्मनिर्भर बनाने हितग्राहियों को दिया जा रहा हैं राजमिस्त्री का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। डोंडी

■ आत्मनिर्भर बनाने हितग्राहियों को दिया राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी जिला पंचायत बालोद के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पचायत गुदुम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रमीण अंतर्गत आवास निर्माण कार्यो प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के तहत प्रोजेक्ट उन्नति के माध्यम से मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के आवास में राजमिस्त्रियो को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित हो सके । जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम पंचायत गुदुम में यह प्रशिक्षण आरसेटी बालोद के ओर से दिया जा रहा है । प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व हितग्राहियों की काउंसलिंग कर उनकी सूची के अनुसार चयन किया गया। 20 हितग्राहियों को गोवर्धन, प्रशिक्षक के द्वारा आवास निर्माण को गुणवत्ता पूर्ण, तकनीकी मानकों के अनुरूप करने संबंधी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में 02 महिला प्रशिक्षणार्थी आगे बढ़कर राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है । जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है। मास्टर ट्रेनर्स गोवर्धन के द्वारा आवास हितग्राही रामेश्वरी पति अमर लाल के आवास निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के उचित अनुपात निर्माण कार्य की समय-सीमा संरचनात्मक, मजबूती, सावधानियां एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दिया जा रहा है ।

## दलहन-तिलहन उत्पादन से किसान बन रहे हैं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

■ कृषि विभाग की योजनाओं से बढ़ा किसानों का भरोसा

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि रबी वर्ष 2025–26 में बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत जिले को निर्धारित 929.88 हेक्टेयर में पंजीयन कराने का लक्ष्य के विरूद्ध कुल 1009.48 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन हेतु कृषकों का पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से 8.66 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि किसानों की बढ़ती जागरूकता एवं कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है।

बीज उत्पादन कार्यक्रम अन्तर्गत विशेष रूप से दलहन, तिलहन फसलों को प्राथमिकता दिया गया है। जिससे आगामी वर्षों में जिला बालोद पर्याप्त दलहन, तिलहन बीज उपलब्धता में आत्मनिर्भर हो सकेगा। जिसके परिणाम स्वरूप जिले में दलहन फसलों का 670.04 हेक्टेयर तिलहन फसलों का 283.40 हेक्टेयर एवं अनाज फसलों का 56.04 हेक्टेयर कुल 1009.48 हेक्टेयर क्षेत्र का पंजीयन किया गया है। बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराने हेतु कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा कृपकों से सतत सम्पर्क एवं उचित मार्गदर्शन दिया गया। इन प्रयासों से किसानों का विश्वास बढ़ा और स्वेच्छा से बीज उत्पादन कार्यक्रम में भाग लिया। बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीकृत किसानों से विनम्र अपील है कि पंजीकृत रकबा में उत्पादित दलहन, तिलहन बीजों का शतप्रतिशत मात्र बीज निगम को वापस करें जिससे आगामी रबी सीजन हेतु जिले के किसानों को दलहन, तिलहन के प्रमाणित बीज पर्याप्त मात्र में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सके।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज का तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय अधिवेशन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

■ 6 फरवरी को खेल महोत्सव व आदर्श विवाह

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ का तीन दिवसीय आयोजन 6, 7 व 8 फरवरी को जंजगिरी सर्किल के ग्राम देवरी (ख) में आयोजित होगा। इसमें समाज के प्रदेश भर के लोग एकत्र होंगे। 6 फरवरी को युवा समिति का खेल महोत्सव व महिला समिति का आदर्श विवाह कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं सात व 8 फरवरी को अधिवेशन का मुख्य कार्यक्रम संपन्न होगा।

कार्यक्रम के तहत 6 फरवरी को समाज के युवा समिति द्वारा युवा खेल महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें दिल्लीवार प्रो कबड्डी प्रतियोगिता होगी। इसमें समाज के सभी 13 सर्किल की टीम शामिल होंगी। विजयी टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। केंद्रीय युवा समिति के अध्यक्ष हेमंत देशमुख व युवा अध्यक्ष सर्किल जंजगीरी तामेश्वर देशमुख ने बताया कि आयोजन में दिल्लीवार प्रो कबड्डी, दिल्लीवार मैराथन, स्व सहायता समूह द्वारा प्रदर्शनी, रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 6 फरवरी



को आयोजित आदर्श विवाह में समाज के चार जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। इनमें नंदनी थनौद संग दिलेश्वर भटगांव, सुरुचि तिरगा संग ऋतुराज डंडेसरा, टिकेश्वर भेड़सर संग हेमलता सकरौद, पूजा रिसाली संग भूपेंद्र भानपुरी का विवाह होगा। केंद्रीय महिला समिति की अध्यक्ष प्रीती देशमुख, सचिव पुष्पा पिपरिया, जंजगीरी सर्किल महिला समिति अध्यक्ष ईश्वरी देशमुख, सचिव श्यामाबाई देशमुख ने जानकारी दी आदर्श विवाह की पूरी तैयारी हो चुकी है।

**मुख्य आयोजन में पहुंचेंगे मंत्री व नेता:** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन, महामंत्री ललित देशमुख, उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जंजगिरी सर्किल के सर्किल प्रधान अशोक भारदीय, उप प्रधान कपिल देव देशमुख, सचिव महेंद्र दिल्लीवार, कोषाध्यक्ष रामरतन देशमुख, सहसचिव चिंतामणि देशमुख, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओंकारेश्वर हरमुख आदि ने जानकारी दी कि अधिवेशन का मुख्य आयोजन 7 व 8 फरवरी को होगा। इसमें अनेक मंत्री व नेता शामिल होंगे। इस दौरान समाज विकास के लिए मंत्रणा की जाएगी। साथ ही समाज की गतिविधियों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन 7 फरवरी, 2026, शनिवार प्रातः 8 बजे होगा। मुख्य अतिथि ओ.पी. चौधरी जी राजस्व एवं वित्त मंत्री, छ.ग. शासन होंगे। अध्यक्षता योगेन्द्र बेलचंदन प्रदेश समाज अध्यक्ष, दि. कू. क्षत्रिय समाज करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा उच्च शिक्षा मंत्री, छ.ग. शासन होंगे।

विशिष्ट अतिथिगण भोजराज नाग सांसद, कांकेर लोकसभा, विजय बघेल सांसद, दुर्ग लोकसभा, ललित चंद्राकर उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग प्राधि. छ.ग. शासन, प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष, जि.सह. के. मर्या. बैंक, दुर्ग, चेमन देशमुख जिलाध्यक्ष, भा.ज.पा. जिला-बालोद, तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष, जिला पंचायत, बालोद, पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष, जनपद पंचायत गुण्डरदेही, बालोद होंगे। समापन दिवस 8 फरवरी, रविवार को मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन होंगे। अध्यक्षता योगेन्द्र बेलचंदन प्रदेश समाज अध्यक्ष, दि. कू. क्षत्रिय समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथिगण कुंवर सिंह निषाद जी विधायक, गुण्डरदेही, रीना डोमन देशमुख जनपद सदस्य, गुण्डरदेही, देवेन्द्र कुमार देशमुख पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत, दुर्ग, कुसुम प्रमोद देशमुख सरपंच, ग्रा.पं. देवरी (ख) होंगे। अधिवेशन संयोजक ललित देशमुख महामंत्री, दि. कु. क्षत्रिय समाज हैं।

## मांघ पूर्णिमा मेला में गौरैया मेला कबीर घाट पर कवि सम्मेलन हुआ



**गुण्डरदेही।** मांघ पूर्णिमा मेला के अवसर पर गौरैया मेला कबीर घाट में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें केशव राम साहू, शिव कुमार अंगारे, सुंदरलाल गंधर्व, विजय कुमार टंडन, योगेश छत्तीसगढ़िया, दुष्यंत कौमार्य सम्मिलित हुए। विजय कुमार टंडन ने ग्रामीण संस्कृति मेला मड़ई पर रिश्तेदार एवं मितान बुलाने की परंपरा को रेखांकित किया।

दुष्यंत कौमार्य ने बुजुर्ग दादा दादी के स्नेह एवं वर्तमान परिवेश में उनकी पीड़ा को व्यक्त किया। योगेश छत्तीसगढ़िया ने छत्तीसगढ़ महतारी की ममतामई एवं समृद्ध संस्कृति का चित्रण किया। सुंदरलाल गंधर्व ने स्वच्छता पर आधारित हास्य कविता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। शिवकुमार अंगारे ने बसंत बहार के साथ प्रकृति चित्रण किया। संचालन कर रहे केशवराम साहू ने कबीर साहेब की पंक्ति कबीरा मन निर्मल भया को परिभाषित करते हुए प्रत्येक मनुष्य को बुलंदी के साथ जीने की बात कही। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष युवराम साहू, केशुराम, पवन कुमार, लोक शरण, धर्मदास, विश्वनाथ, निरंजन सिंह, पप्पू साहू उपस्थित थे।

## मोहारा स्कूल में शिक्षक-पालक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में शिक्षक पालक और बच्चों का सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा डॉ गोपाल साहू ने किया।

विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद विधायक प्रतिनिधि धनुष राम साहू, उपसरपंच दिनेश्वर सिन्हा, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोहारा केशव राम धनकर, शिक्षाविद बोधराम हिरवानी, अध्यक्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा छबिलाल धनकर, व्याख्याता एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य जीआर साहू उपस्थित थे। सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया, सभी अतिथियों एवं बालकों का स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सभी पालकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा परीक्षा का समय बहुत कम है, सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा गया और इस बार 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को टॉप 10 में देखना चाह रहे हैं, यह बात बोलकर सभी विद्यार्थियों को उत्साह वर्धन किया। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को अनुशासित रहने के लिए और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का शाला स्तरीय कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, उन सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मान किया गया और सभी विद्यार्थियों को मार्कशीट प्रदान किया गया। उसके बाद सभी बच्चों अपने–अपने क्लास में जाकर शिक्षक पालक और बच्चे एक साथ बैठकर बच्चों का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम पालक के सामने बताया गया और जिसका नंबर काम है उसको हिदायत दिया गया कि आप अपनी पढ़ाई में अच्छे से ध्यान दो और अच्छे अंक प्राप्त कर अपने स्कूल का और अपने मां–बाप का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर परमेश्वर हिरवानी, शंकर लाल साहू, डोमेन्द्र कुमार हिरवानी, डोमेन्द ठाकुर, बसंती साहू, राजेश्वरी साहू, टोमन बनपेला, गणपत राम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालक, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन जीव्ही ने किया और कार्यक्रम का आभार साहू ने किया।

### अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

**अंडा।** गुण्डरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नाहंदा में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार गुण्डरदेही थाना में लिखित व मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई न होने से शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम शराब बेच रहे हैं। अवैध शराब बिक्री के कारण गांव में आए दिन विवाद, घरेलू हिंसा और युवाओं के गलत दिशा में जाने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही अवैध शराब कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ आंदोलन करेंगे।

### तीन दिनी स्वर मानस गान सम्मेलन कल से

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी व आयोजक समिति अंडा के तत्वाधान में तीन दिवसीय स्वर मानस गान का आयोजन 6 फरवरी, 7 फरवरी, 8 फरवरी को गुरूवार बाजार चौक में रखा गया है समिति के सदस्य दिल्ली से सम्मानित उत्कृष्ट मंच उद्घोषक खिलेंद्र संजू यादव ने कहा कि इस सम्मेलन में आसपास के ग्रामीण जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम का आनंद लेवे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## धनेली में धार्मिक आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

# श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

गायत्री प्रज्ञा पीठ धनेली द्वारा गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माताजी के जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री परिवार हीरक मंडल धनेली के अंतर्गत ग्राम धनेली में श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

जिसके प्रवचनकर्ता शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्र आचार्य दीनबंधु रावत राजिम एवं उनके साथी प्रज्ञा पुत्र ने संगीत के माध्यम से कथा का वाचन किया। प्रवचनकर्ता ने सभी संस्कारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और सभी को गुरू बनाने की सलाह दिया। तृतीय दिवस पर गायत्री यज्ञ एवं



विभिन्न संस्कार एवं संगीत प्रवचन प्रज्ञा पुराण कथा एवं टोली की विदाई सम्मान व कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर पुसवन संस्कार, मुंडन, दीक्षा, यज्ञोपवीत, अन्न प्रसन्न, नामकरण संस्कार सभी को निःशुल्क कराया गया। त्रितीय दिवस पर अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुरर रुखमती गंजीर, समन्वयक गायत्री परिवार बालोद बीएस अठनागर, तमोरा हीरक मंडल धोबनपुरी रघुनाथ साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ डॉ हरिकृष्ण ने कहा कि हमें अपने जीवन में कोई ना कोई गुरु अवश्य बनाना चाहिए, तब हमारा मुक्ति संभव है, गायत्री मंत्र में बहुत बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति गायत्री मंत्र का जाप करता है, व्यक्ति जीवन में बहुत आगे बढ़ता है सभी माता और बहनों से निवेदन किया कि अपने–अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा और संस्कार दे और उनके भविष्य बनाएं और हमेशा यज्ञ कार्यक्रम में भाग ले। इस अवसर पर रघुनाथ साहू, डॉ रेवेन्द साहू, रामू राम सिन्हा, राम जी साहू, निरंजन साहू, ममता साहू, अस्मिता साहू, यशोमती साहू, शेषूराम साहू, हरिचंद गंजीर, हरिश्चंद्र राम साहू, उदय राम साहू, डॉ जोहित राम साहू, डॉ डीएल गंजीर, धनाराम साहू, अजीत राम गंजीर, सालिक राम साहू एवं हीरक मंडल धनेलीके समस्त गायत्री परिजन एवं ग्राम धनेली के ग्रामीण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007


श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411